## समाचार

## '' वोमेन फार ट्री ''

# महापौर, आयुक्त, सभापति सहित महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने किया वृक्षारोपण




कोरबा 22 अगस्त 2025 –भारत सरकार की योजना '' वोमेन फार ट्री '' के तहत आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने निगम के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया, वहीं समूह की सदस्य महिलाओं ने इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व देखरेख किए जाने का संकल्प लिया।

भारत सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत '' वोमेन फार ट्री '' पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की '' एक पेड़ मॉ के नाम '' मुहिम से प्रेरित है। इस पहल के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह को पौधा रोपण, उनकी देखभाल व संरक्षण व इसके प्रति जागरूता जैसे कार्यो से जोड़ा गया है, इस योजना का प्रमुख उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वृक्षारोपण, उनकी निगरानी, संरक्षण, संवर्धन आदि में सक्रिय रूप से शामिल करना आदि शामिल है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत इस पहल के अंतर्गत 2100 पौधे लगाए जाने हैं, जिनके लिए निगम क्षेत्र में 05 स्थलों का चयन किया गया है, इन स्थलों पर महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय परिसर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ–साथ महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया। इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य त्रिवेणी महिला महिला स्वसहायता समूह, जय चन्द्रहासिनी महिला स्वसहायता समूह, जय मॉ लक्ष्मी स्वसहायता समूह आदि के द्वारा किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्षद्र प्रेम साहू, लखन सिदार, पूर्व पार्षद सुरती कुलदीप, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता एन.के.नाथ, जोन कमिश्नर सुनील टांडे, उद्यान अधीक्षण आनंद राठौर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, उपअभियंता प्रमोद जगत, दर्शन सिंह, अमित अग्रवाल, कामेश्वर वैष्णव, उत्तम दास, लखन साहू, अशोक राज, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि के साथ महिला स्वसहायता समूह की सदस्यगण व काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।